## एक नजर में

### भाजपा कार्यकर्ता हर घर फराएंगे तिरंगा, निकालेंगे यात्राएं




**खरगोन।** हर घर तिरंगा .तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर सोमवार को जिला बैठक रखी गई। बैठक में पूर्व मंत्री ओर विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने कहा कि यह माह हमारे लिए पूरा उल्लास,विजय और त्यौहार का है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से 2 दिन में पाकिस्तान को घुटने के बल ला दिया। हर घर तिरंगा यात्रा पर विजयोत्सव मनाए। आपरेशन सिंदूर, महादेव का उत्सव है। सभी मंडल अध्यक्ष और प्रभारी अपने स्तर पर बाईक रैली, पैदल रेली भी करे। जिला अध्यक्ष नन्दा बाह्मणे ने कहा कि हर घर तिरंगा यात्रा अभियान को जिला स्तर के साथ मंडल स्तर ओर बूथ स्तर पर तिरंगा यात्रा प्रभावी निकली जाएगी।

कार्यक्रम के संयोजक हरीश शर्मा ने बताया कि 10 से 14 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण इंगले ने किया ओर आभार चंद्रशेखर भालसे ने किया। कार्यालय के विजय मोरे ने बताया कि आभापुरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह गौड ने मन की बात कार्यक्रम को लेकर लगातार 4 बार से जिले में 47 बूथों पर 100 प्रतिशत संगठन ऐप पर रिर्पोट दर्ज कर जिले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिस पर उन्हें अतिथियों ने सम्मान किया।

### 16 को मनेगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, अहीर यादव समाजजन निकालेंगे शोभायात्रा




**खरगोन।** भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के रुप में भक्ति- भाव के साथ ही उत्सव के रुप में मनेगा। मंदिरों में पूजन-अर्चन के साथ ही शोभायात्राओं के माध्यम से खुशियां मनाई जाएगी।

अहीर यादव समाजजनों ने भी अपने आराध्य के जन्मोत्सव को लेकर व्यापक तैयारियां की है। बीड़ आश्रम पर समाज की बैठक में 16 अगस्त को जन्मोत्सव धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया। जन्मोत्सव पर शहर के कुंदा तट स्थित सिद्धी विनायक मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें समूचे समाजजन एकजुट होकर उत्सव मनाएंगे। शोभायात्रा प्रतिवर्षानुसार सराफा बाजार, पोस्ट ऑफिस चौराहा, श्रीकृष्ण टॉकिज, बिस्टान रोड़ होते हुए कृषि उपज मंडी परिसर पहुंचकर सभा में तब्दील होगी। यहां वक्ता समाज और भगवान श्रीकृष्ण के चरित्र पर अपनी बात रखते हुए समाज में एकजुटता एवं श्रीकृष्ण के आदर्शो को आत्मसात करने का अलख जगाएंगे। इस दौरान मटकी फोड़ प्रतियोगिता भी होगी। समाजजनों ने बताया कि शोभायात्रा में पालकी, बग्गी, घोड़े, झाकियां, ढोल-तांशे आकर्षण का केंद्र होंगे। कार्यक्रम के बाद समाजजनों की ओर से भंडारा प्रसादी का आयोजन भी होगा।

### माँ आशापुरी धाम में नानी बाई रो मायरो कथा का भव्य आयोजन, आज से होगी शुरुआत

**महेश्वर ( निप्र ).** महेश्वर के पास ग्राम आशापुर में स्थित माँ आशापुरी धाम में आज 5 अगस्त से 9 अगस्त 2025 तक %नानी बाई रो मायरो% कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की शुरुआत आज सुबह 9 बजे श्री राम मंदिर से माँ आशापुरी धाम तक निकाली जाने वाली भव्य कलश यात्रा के साथ होगी, जिसमें सैकड़ों माता बहने शामिल होंगी। मंदिर ट्रस्ट के तिलोक यादव ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन भगवान कृष्ण की भक्ति और आस्था को समर्पित है। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में कथा वाचक पंडित अश्विन यदुवंशी प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक अपनी मधुर वाणी से %नानी बाई रो मायरो% की कथा सुनाएंगे। इस दौरान भक्तगण %हे कृष्ण करुणा-सिंधु दीन-बन्धु जगत्पते% जैसे भजनों से भक्तिभाव में लीन रहेंगे। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण 9 अगस्त 2025, शनिवार को दोपहर 3 बजे से होने वाला विशाल भंडारा और महाप्रसादी है। यह महाप्रसादी उदय सिंह गवली, बेरफड़ के सौजन्य से आयोजित की जा रही है। ट्रस्ट के सदस्य तिलोक यादव ने सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे इस पावन अवसर पर सपरिवार पधारकर कृष्ण भक्ति के इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनें और पुण्य लाभ प्राप्त करें। यह पूरा आयोजन माँ आशापुरी मंदिर समिति और समस्त ग्रामवासियों द्वारा मिलकर किया जा रहा है।



### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**खरगोन।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीणा की उपस्थिति में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, मप्र सड़क विकास निगम, लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग के वरिष्ठ अधिकारी और ठेकेदार भी उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने बताया कि वर्ष 2024 में जिले में 405 मृत्यु हुई थीं। वर्ष 2025 के शुरू के 6 महीनों में विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में 238 व्यक्ति मृत और 697 व्यक्ति घायल हुए हैं। थानावार बड़वाह और कसरावद में सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाएं तथा कसरावद और बलकवाड़ा में सड़क दुर्घटना में सर्वाधिक मृत्यु दर्ज हुई है। 2 व्हीलर चलाने वाले 18 से 35 आयुवर्ग के युवाओं में सर्वाधिक कैजुअलिटी देखी गई है। सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण सीटबेल्ट नहीं लगाना और हेलमेट नहीं पहनना पाए गए हैं।

# सूने मकानों को बनाते थे निशाना

## 14 लाख के आभूषण ओर नकदी के साथ तीन चोर गिरफ्तार






नवभारत न्यूज

**खरगोन। पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। यह बदमाश सूने मकानों को निशाना बनाते थे। आरोपियों में चोरी के आभूषण खरीददार भी शामिल है। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपियों में शहर कोतवाली का निगरानी शुदा बदमाश भी शामिल है।**

सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी धर्मराज मीना ने बताया कि कासम कॉलोनी सनावद के सूने मकान में 28 जुलाई की रात अज्ञात चोरों ने दरवाजे पर लगी कुंडी तोड़कर प्रवेश किया और सोने व चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर लिए थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश की।

**सोने व चांदी के आभूषण जब्त किए**

सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिरों की सूचना के आधार पर अकलीम उर्फ भैय्यू पिता युसुफ खान निवासी खरगोन, अमीन उर्फ लखन पिता समशेर मकरानी को गिरफ्तार किया। इन्होंने यह जेवरात मोबीन पिता तफज्जू निवासी पलसुद को बेचा थे। मोबीन को भी अभिरक्षा में लिया गया। इनके कब्जे से 49 हजार 390 रुपये एवं 14 लाख रुपए के सोने व चांदी के आभूषण जब्त किए गए है। अकलीम के खिलाफ खरगोन सहित गोगावां और बड़वानी थानाक्षेत्रों में अपराधिक मामले दर्ज है।

### मनुष्य अपने जीवन में विचारों का मंथन करके सुविचारों का मंथन करें : पं .जोशी




नवभारत न्यूज

**बिस्टान निप्र।** बिस्टान समीप नगर के बन्हेर मैं देवताओ और दानवों के बीच समन्वय स्थापित करके जिस प्रकार विशाल समुद्र मंथन से अमृत प्राप्त किया गया था। वैसे ही मनुष्य भी जीवन में अपने विचारों का मंथन करके सुविचारों के मोती रूबी अमृत को प्राप्त कर सकता है। जिसे धारण करके वह भी सदैव पूजनीय और जय जयकार का पात्र हो सकता है। यह बात कथा वाचक पंडित रामेश्वर जोशी द्वारा श्री मद्भागवत कथा में एक प्रसंग के दौरान कही गई। स्थानीय बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित श्री विश्वेश्वर शिवालय मे स्व पवन कुमावत की स्मृति में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह कार्यक्रम चल रहा है। पंडितजी ने भागवत और भगवान की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि भागवत रूपी सत्संग का जीवन में होना जरूरी हैं। बिना सत्संग या भक्ति के भगवान को पाना तो दूर , भगवान को समझना भी बहुत कठिन है। ओमप्रकाश कुमावत द्वारा आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा का मंगलवार को समापन होगा।



# भक्ति, धर्म और सौहार्द का प्रतीक बनी पत्रकार एकता कावड़ यात्रा

नवभारत न्यूज

**खरगोन। श्रावण मास के चौथे सोमवार पत्रकारों ने लगातार तीसरे वर्ष भी भक्ति-भाव और धार्मिक आस्था के साथ पत्रकार एकता कावड़ यात्रा निकाली। इस यात्रा में पत्रकारों की एकजुटता के साथ ही सांपद्रायिक सौहार्द का अनूठा संगम भी देखने को मिला।**

शहर के जमींदार मोहल्ला स्थित अधिष्ठाता देव भगवान सिद्धनाथ मंदिर में पूजन-अर्चन कर कावड़ थामे पत्रकार सुबह कावड़ यात्रा के रुप में जब शहर में निकले तो करीब 30 से अधिक स्थानों पर जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह स्वागत- सत्कार किया गया। पत्रकार मोहन जोशी अश्व सवार होकर कावड़ यात्रा की अगुवाई कर रहे थे।

**मुस्लिम समाजजनों ने बरसाए फूल**

यात्रा के बावड़ी बस स्टेंड के समीप नवग्रह पुल पहुंचने पर मुस्लिम सद्भावना मंच ने पुष्पवर्षा कर स्वागत- सत्कार किया। यहां मंच सदस्यों ने कावडियों को गले मिलकर शुभकामनाएं दी, जिससे यह यात्रा न केवल भक्ति, धर्म बल्कि सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक भी बनी। मंच संयोजक अजीजुद्दीन शेख ने बताया कि यह भारत की साझा संस्कृति का हिस्सा है। यहां सभी धर्म के लोग मिलजुल कर एक दूसरे के धार्मिक आयोजन में शामिल होते हैं, यही हिंदूस्तान की खुबसुरती है, जो अनेकता में एकता का संदेश समूचे विश्व को दे रही है। कावड़ यात्रियों ने शहर में करीब 8 किमी भ्रमण करते हुए त्रिवेणी संगम पर विराजित श्री मेलडेरेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर महादेव का कुंदा जल से जलाभिषेक कर सभी की खुशहाली, सुख- समृद्धि की कामना की।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में निर्माण विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित

**खरगोन।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में विभिन्न निर्माण विभागों- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, सड़क विकास निगम, ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भवन विकास निगम, गृह निर्माण मंडल, लोक निर्माण विभाग भवन, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण, जल संसाधन विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, नर्मदा घाटी विकास विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, आदि की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में निर्माण विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सड़क निर्माण प्राधिकरणों से स्वीकृत और प्रस्तावित कार्यों तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत प्रगतिरत पुलों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आदिम जाति कल्याण और शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न आवासीय विद्यालयों, छात्रावासों, सीएम राइस विद्यालयों में भवन, क्लास रूम, प्रयोगशाला, शौचालय, इत्यादि के निर्माण कार्य, रखरखाव, डिस्मेंटलिंग, टेंडर की स्थिति की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में विभिन्न कर्मचारी आवास गृह, पीएमश्री में लैब, लोक सेवा केंद्र, पशु रोगी कल्याण भवन, आंगनवाड़ी भवन, पोषण वाटिका, विधायक निधि के कार्य, सामुदायिक भवन और घाट निर्माण कार्यों की विस्तृत चर्चा की गई।



# मोनिका की आंखों से मिलेगी दो लोगों को रोशनी

नवभारत न्यूज

**कसरावद।** इंदौर की बेटी ने रक्षाबंधन पर दो लोगों को रोशनी प्रदान की है । इंदौर निवासी बालचंद तातेड की पुत्री भंवरलाल, मनोहर लाल, सुभाष चंद्र की छोटी बहन और भीलवाड़ा निवासी प्रदीप लोढ़ा की धर्मपत्नी मोनिका लोढ़ा निवासी भीलवाड़ा (राजस्थान )का आकस्मिक निधन हो गया है । बेटे शुभांशु ने बताया कि सतिया जी म.सा को गोचरी वेराने के कुछ पल पश्चात माताजी की अचानक तबियत बिगड़ी । भीलवाड़ा के निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया । जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया पत्रकार संघ कसरावद के अध्यक्ष नितिष लुणिया ने बताया कि मोनिका नौ भाई बहन में सबसे छोटी थी ओर परिवार में सबकी लाडली थी परिजनों ने इस दुख की घड़ी में भी नेत्रदान करने का निर्णय लिया इस अनुकरणीय पहल की इंदौर,ओर भीलवाडा के सामाजिक संगठनों ने परिवार की सराहना की है धार्मिक कार्य के साथ सामाजिक कार्य में अग्रणी मोनिका ने जाते-जाते भी दो लोगों को रोशनी प्रदान की है।



### अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर कार्यशाला



**मंडलेश्वर।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर पैक्स सहकारी समितियों के महेश्वर एवं कसरावद ब्लॉक के समिति प्रबंधकों को सहकारिता के नवाचार संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खरगोन की मंडलेश्वर बैंक शाखा के सभागृह में संपन्न हुई। आयोजन में सहकारिता विभाग खरगोन के ऑडिट ऑफीसर मनोज टांक द्वारा बताया की वर्तमान में अधिकांश सहकारी पैक्स समितियां कृषि ऋण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं बचत बैंक का व्यवसाय कर रही है, लेकिन सहकारिता के माध्यम से नवाचार करते हुए संस्थाओं द्वारा पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, सीएससी ऑनलाइन सेंटर एवं अन्य व्यवसाय कर सहकारी संस्थाएं लाभ अर्जित कर सकती। कार्यशाला आयोजन में जिला सहकारी संघ खरगोन के प्रबंधक ओमकार यादव, वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक बसंत यादव,समिति प्रबंधक दुर्गा लाल यादव धरगांव, सुनील पाटीदार मंडलेश्वर, परमानंद पाटीदार महेश्वर, रामकृष्ण पाटीदार कसरावद आदि थे ।



### पर्यावरण संतुलन रहे शेष, आओ बनाए मिट्टी के गणेश

**खरगोन।** रोटरी क्लब खरगोन के तत्वाधान में शहर के मोतीपुरा स्थित स्कूल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि अनिलोप की महिला शाखा अध्यक्ष और प्रसिद्ध मूर्तिकार श्रीमती रजनी गिरीश उपाध्याय ने विद्यार्थियों को मिट्टी से गणेश जी की मूर्ति बनाने का प्रशिक्षण दिया। रोटरी क्लब अध्यक्ष महेंद्र सिंह चावला ने बताया कि पर्यावरण संतुलन के लिये जनजागृति अति आवश्यक है। प्लास्टर आफ पेरिस के गणेश जी के बजाय हम सभी आने वाले गणेश उत्सव में मिट्टी के भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना का प्रण करें। विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने के साथ ही प्रतिमाओं को अपने घर, रिश्तेदारों, पड़ोसियों को भी बनाकर देने एवं गणेशोत्सव पर स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रोजेक्ट चेयरमैन सीए जसप्रीत चावला भाटिया ने वर्कशॉप में करीब 150 से अधिक बच्चों ने मिट्टी के गणेश बनाये। रोटरी क्लब सचिव डॉ. लवेश राठौर, प्राचार्य श्वेता जायसवाल, विशेष अतिथि गिरीश उपाध्याय उपस्थित थे। आभार जया जैन ने माना।

### सोसायटी कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

**खरगोन।** पश्चिम निमाड़ जिला सहकारी संघ एवं सहकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान 1 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बड़ूद में किया गया। इसमें बड़वाह एवं सनावद तहसील क्षेत्र के सदस्य एवं कर्मचारी शामिल हुए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओंकारलाल यादव एवं सहकारिता विभाग बसंत यादव, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एवं मनोज टॉक अंकेक्षण अधिकारी सहकारिता विभाग ने सहकारी संस्थाओं मे नवाचार/सहकारी गतिविधियो एवं व्यवसायिक विकास के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा सनावद के शाखा प्रबंधक अरूण जोशी एवं पर्यवेक्षक रामेश्वर चौधरी व संस्था बड़ूद के प्रबंधक ऋतिका शाह एवं घनश्याम बिर्ला भी उपस्थिति रहे।

**एक नजर में** ग्राम पंचायत मांडवखेड़ा अंतर्गत 124 परिवारों मूलभूत सुविधाओं से वंचित

# कुंवर जी फल्या में 515 लोगों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने







नवभारत न्यूज

**बिस्टान निप्र।** बन्हेर इस आदिवासी जनजाति बाहुल्य क्षेत्र मे ऐसे कई गरीब और असहाय परिवार है। जिन्हें, शासन की हितग्राही मलक योजनाओं का लाभ मिलना तो दूर, योजनाओं में उनका नाम तक पंजीयन नहीं है। इसके अनेक कारण हो सकते है। या तो ये हितग्राही लापरवाह बने बैठे है, या इनमें शासन की योजनाओं की जानकारी का अभाव है। या फिर सरकारी कर्मचारी-अधिकारीयो की निष्क्रिय कार्य शैली है। जिसके चलते पात्रता रखने वाले सैकड़ो ग्रामीण शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रहते है।

यदि गांवों के स्थानीय शासकीय कर्मचारी अपने कर्तव्य के प्रति थोड़े सक्रिय हो जाए तो यह समस्या आसानी से दूर हो सकती है। इसका ताजा उदाहरण भगवानपुर जनपद की ग्राम पंचायत मांडवखेड़ा में देखने को मिलता है। हाल ही में शासन द्वारा जनजातीय बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास के लिए धरती आबा अभियान के तहत सर्वे करवाया गया था। ग्राम पंचायत मांडव खेड़ा अंतर्गत कुंवर जी फल्या में 124 परिवारों में 515 लोग निवासरत है। सर्वे के दौरान चिंताजनक स्थिति पाई गई । फल्या की आबादी के आधे से अधिक लोगों के पास आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज नहीं बने है। वही कुछ परिवारों की समग्र आईडी नहीं है, तो कुछ वृद्ध सुरक्षा पेंशन से वंचित है।

**248 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए : शिक्षक रफीक बेग**

सर्वे टीम के ग्राम प्रभारी एवं शिक्षक रफीक बेग मिर्जा ने बताया कि महत्वपूर्ण दस्तावेजों से वंचित हितग्राहियों की की सूची तैयार करके इस पर उन्होंने काम करना शुरू कर दिया । इसके सार्थक परिणाम निकले हैं। बुधवार को स्कूल में 248 लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाकर वितरित किए गए। इसके पहले उनके द्वारा 250लोगों के आधार कार्ड बनवाकर वितरित किए जा चुके हैं। 6 वृद्ध लोगों की वृद्धा पेंशन शुरू करवाई गई । कुछ परिवारों की समग्र आईडी और जाति प्रमाण पत्र बनवाने मैं हितग्राहियों की मदद की गई है।